संक्षिप्त

जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर

मनोहरपुर । कस्बे के एक निजी गार्डन में विधायक मनीष यादव का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए निजी सचिव ओम प्रकाश यादव ने बताया कि कस्बे के एक निजी गार्डन में जन्मदिवस के उपलक्ष पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोग बढ़ चढ़कर अपना योगदान देंगे। विधायक मनीष यादव के जन्म दिवस के उपलक्ष पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी है ऐसे में कार्यकर्ता भी सक्रिय दिख रहे हैं लोगों के पास जाकर संपर्क भी किया गया है। इससे पूर्व भी मनीष यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष पर युवाओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा था।

ऋण योजनाओं की दी जानकारी

निवाई। राजकीय महाविद्यालय व कन्या महाविद्यालय में राज्य महिला नीति व महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बागवानी, बूंद-बूंद सिंचाई योजना, कृषि की विविध नई तकनीकों व विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं की जानकारी हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. दीपकराज जैन ने की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सोना अग्रवाल ने बताया कि उद्यान विभाग के कृषि पर्यवेक्षक केमलता मीना ने कृषि के विभिन्न प्रकार, भूमि की गुणवत्ता सुधारने हेतु उपाय, वर्मीकम्पोस्ट के अधिकाधिक प्रयोग, बूंद-बूंद सिंचाई योजना, विविध कृषि संबंधी लोन प्रक्रियाओं तथा सोलर पैनल लगवाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी।

प्रतिभावान छात्र को मिला टैबलेट

श्रीमाधोपुर । राज्य सरकार की महत्वपूर्ण निशुल्क टैबलेट वितरण योजना में योगेंद्र कुमार वर्मा को टैबलेट मिला । संस्था प्रधान सागरमल जाट ने बताया कि ग्राम ढाबावाली के राउमावि ढाबावाली के प्रतिभावान छात्र योगेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र मूलचन्द वर्मा ने शैक्षिणक सत्र 2023-24 में कक्षा 10 में 91.67 प्रतिशत लाने पर राज्य सरकार की महत्त्वपूर्ण नि:शुल्क टैबलेट वितरण योजना में राज्य मैरिट में चयन होने पर विद्यालय में सम्मान किया

अंतर्राष्ट्रीय मेडिटेशन दिवस मनाया

श्रीमाधोपुर। राम कॉलेज प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर के द्वितीय दिवस पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर सुदर्शन सैनी के अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय मेडिटेशन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी स्वयंसेवकों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ध्यान के महत्व पर जोर दिया तथा इसके लाभ तनाव में कमी ,याददाश्त और ध्यान में सुधार, बेहतर नींद व चिंता और अवसाद की कमी आदि पर चर्चा की गई।

मेले की तैयारियों को लेकर बैठक

सिरस। नाकेश्वर महादेव मंदिर नाका चौकी सिरस प्रांगण में शनिवार को मेला समिति की बैठक सरपंच शिवजीराम जाट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। समिति के कोषाध्यक्ष हरिराम गुर्जर व श्यामलाल योगी ने बताया कि बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। इस वर्ष नाकेश्वर महादेव का दो दिवसीय वार्षिक मेला 30 व 31 दिसंबर को आयोजित होगा।

सात दिवसीय रामकथा 26 से

पावटा। बाबा भरतदास जी सेवा समिति टोरडा(रामपुरा) गुजरान द्वारा बाबा भरतदास बगीची टोरडा गुजरान मे श्री श्री 108 मंगलदास महाराज के सानिंध्य एवं संत श्री रघुनाथदास महाराज, जयरामदास महराज, विशबरदास महाराज, रामशरणदास महाराज, शिवदयाल दास महाराज, राधेश्याम दास महाराज की उपस्थिति मे 26 दिसबर से 1 जनवरी 2025 तक 7 दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन किया जायेगा।

विश्व ध्यान दिवस मनाया

चाकसू। विश्व ध्यान दिवस पर चाकसू के आदर्श विद्यामंदिर में विश्व ध्यान दिवस मनाया गया, कार्यक्रम के दौरान बाबा शिव कृपानन्द स्वामी की पूजा अर्चना की, कार्यक्रम के दौरान सैंकड़ो साधकों ने ध्यान किया और ध्यान का लाभ उठाया, इस दौरान उप जिला अस्पताल के डॉक्टर रविन्द्र नारोलिया ने ध्यान करने से होने वाले फायदों के बारे में बताया कि ध्यान करने से चित्त और मन मजबूत होता है।

हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना सरकार का लक्ष्य : कुलदीप धनकड़

- विधायक कुलदीप धनकड ने ग्राम पंचायत चौबाला मे उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन का किया शिलान्यास

शिलान्यास करते विधायक।

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौबाला में प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र के भवन का शिलान्यास किया।

इस दौरान निर्माण स्थल पर क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुय आतिथ्य एवं सरपंच गीता चौधरी, पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी, जिला पार्षद तेजपाल धनवाडिया, पंचायत समिति सदस्य ओमवती धनकड, प्रियंका यादव की गरिमामय उपिस्थिति मे मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि ग्राम पंचायत चौबाला से पावटा मुयालय की दूरी करीब 7 किलोमीटर से भी अधिक है। ऐसे में यहां प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र आवश्यक है। प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र बन जाने के बाद यहां के लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के साथ ही बच्चों के टीकाकरण लिए बाहर नहीं जाना पडेगा।

उन्होंने कहा किसभी अस्पतालों में मरीजों के लिए हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस मौके पर भाजपा नेता जगन चौधरी, मुखराम धनकड, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि दशरथ यादव, राजु धनखड, राव मनोज यादव, उप सरपंच रोशन लाल सैनी, वार्ड पंच सरदारमल शेरावत, वार्ड पंच धुणाराम भाटी, वार्ड पंच धर्मपाल जंवर, हवलदार कैलाश कसाणा, जीएसएस अध्यक्ष रोहिताश स्वामी, पाचुराम चनेजा, शिवपाल राठी, वेदांत धनखड, राकेश धीधवाल, सुणाराम पलसानिया, श्योदान चनेजा, कालुराम ककोडिया, गोविंद दास स्वामी, छाजुराम चनेजा, हजारी लाल कसाणा, सुल्तान कसाणा, मंगलराम सैनी, रामेश्वर कसाणा, जगदीश कसाणा, गुलझारी गिठाला, जयराम सामोता, कानाराम गुर्जर, जयराम गुर्जर, रुडादास स्वामी, शिवराम चनेजा, हवासिंह धनखड, बाबुलाल स्वामी, बाबुलाल धनखड, रामसरुप धनखड, रामस्वरूप स्वामी, गंगाराम चनेजा, भगारामदास स्वामी, जगदीश चनेजा, विरेन्द्र तिवाडी सहित बडी संया में लोग उपस्थित थे।

पायलट के पावटा आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

- पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व मे पायलट के समर्थको द्वारा पावटा कस्बा मुख्य बस स्टैंड पर भव्य स्वागत किया

पावटा। महासचिव कांग्रेस व पूर्व उप मुयमंत्री सचिन पायलट के पावटा पहुँचने पर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व मे पायलट के समर्थको द्वारा पावटा कस्बा मुख्य बस स्टैंड पर भव्य स्वागत किया गया। वही पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पायलट को प्रतिक चिन्ह के रूप मे तलवार भेंट करके और भारी भरकम माला पहनाकर जोरदार स्वागत समान किया है। राष्ट्रीय महासचिव कांग्रेस व पूर्व उप मुयमंत्री सचिन पायलट जयपुर से पहाडी शुक्ला की ढाणी बहरोड मूर्ति अनावरण एवं किसान समलेन मे जाते वक्त पावटा रुके जहां पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोश में सचिन पायटल जिंदाबाद और हमारा नेता कैसा हो सचिन पायटल जैसा हो सहित अन्य नारे भी लगाते नजर आए। सचिन पायलट के पावटा पहुंचने पर इस क्षेत्र के पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, भांकरी सरपंच व सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड, रामनिवास यादव, महादेव यादव, राजू धनखड, कन्हैयालाल गुर्जर प्रधान प्रतिनिधि विराटनगर, रामेश्वर यादव सरपंच, जगदीश मीणा, हरफूल कसाना जिला पार्षद, रामकरण यादव सरपंच, रामस्वरूप अधाणा, महेश मीणा, सतीश धेदड, जगदीश मीणा, अजय सैनी, सहित अन्य नेतागण और ग्रामीणजन मौजूद थे। जिन्होने सचिन पायलट का स्वागत कर क्षेत्र में आने पर आभार व्यक्त किया है।

महाकुम्भ हेतु 'एक थाली एक थैला अभियान' शुरू

निवाई । विश्व के सबसे बड़े एवं विशाल धार्मिक आयोजन प्रयागराज महाकुम्भ में सम्पूर्ण विश्व से करोड़ों श्रद्वालु जाते है। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्वालुओं के कारण आयोजन स्थल पर करोड़ों किलो प्लास्टिक कचरा उत्सर्जित होता है जिसके कारण वातावरण प्रदूषित होता है एवं गंदगी फैलती है।

यह प्लास्टिक लम्बे समय तक विघटित नही होता जिसके कारण मृदा एवं जल स्त्रोत प्रदूषित होता है। इस समस्या के निराकरण हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रत्येक घर से एक थाली एक थैला एकत्रित करके प्रयागराज महाकुम्भ आयोजन स्थल भेजने का अभियान चला है। इस अभियान के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण समिति ने मण्ड़ी प्रांगण एवं न्यायालय परिसर में जाकर लोगों को जागरूक किया एव ं अभियान से जुडऩे हेतु प्रेरित किया।

कृषि मण्डी में प्रयागराज महाकुम्भ हेतु एक थाली एक थैला अभियान का शुभारंभ करते हुए।

इस मौके पर निवाई मण्डी समिति से 1 हजार तथा अधिवक्ता परिषद से 200 थाली एवं थैला का सहयाग प्राप्त हुआ। इस मौके पर मण्ड़ी व्यापारी ओमप्रकाश चवंरिया, रामअवतार घाटी, ताराचन्द बोहरा, शिवप्रकाश पारीक, कार्तिक पारीक, अधिवक्ता संघ के सीताराम शर्मा, रामबाबू शर्मा, रमेश गुर्जर, नरेन्द्र चौधरी, रामेश्वर चौधरी, अबरार अहमद, जमील खान, मनीष जैन, मोनू जैन व शुभम सोनी सहित व्यापारी एवं नागरिक मौजूद थे।

दो दिन से चल रहा धरना व विशाल जनआक्रोश सभा स्थगित

- कार्यकर्ता और जनता का समान मेरे लिए सर्वोपरि : कुलदीप धनकड

पावटा। उपखंड पावटा मुयालय स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को राजस्थान सरकार द्वारा बजट घोषणा के अंतर्गत उपजिला अस्पताल में क्रमोन्नत किया गया है। लेकिन उपजिला अस्पताल पावटा को लाडाकाबास मे स्थानांतरित करने को लेकर शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड द्वारा उपजिला अस्पताल को पावटा मे ही बनाने की घोषणा के बाद 2० दिन से चल रहा धरना व आज पावटा बंद आव्हान एवं पावटा घंटाघर चौक पर विशाल जनआक्रोश सभा स्थगित हो गई।

वही विधायक कुलदीप धनकड के इस फैसले का भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित आमजन ने स्वागतयोग्य बताया। वही विधायक धनकड के इस निर्णय से हर शस के चेहरे पर खुशी भरी मुस्कान थी। लग रहा था मानो सभी को इसी फैसले का इंतजार था। वही विधायक धनकड ने कहा कि कार्यकर्ता और जनता का समान मेरे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा दी गई जिमेदारी पर खरा उतरते हुए लगातार जनसेवा का काम करता रहूँगा।

उन्होंने कहा कि जनता ने उन पर जो भरोसा लगातार जताया है, उसे वे टूटने नहीं देंगे और उस भरोसे को कायम रखेंगे। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में एक मॉडल विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। उपजिला अस्पताल को पावटा मे ही बनाने की घोषणा के बाद भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों ने उन्हे माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया व उसके बाद उनका कस्बे के मुय मार्गो से होते हुए भव्य जुलूस निकाला गया।

कार्यकर्त्ताओं ने विधायक धनकड को कंधे पर बैठाकर मुय मार्गो का चक्कर लगाया। वही उपजिला अस्पताल को लाडाकाबास मे स्थानांतरित करने को लेकर जिस तरह से जनता मे आक्रोश था वही विधायक द्वारा उपजिला अस्पताल को पावटा मे ही बनाने की घोषणा के बाद जनता उनके स्वागत को आतुर नजर आई। वही इस दौरान उपजिला अस्पताल पावटा बचाओ संघर्ष समिति पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, सुभाष शर्मा, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहरसिंह, सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला, पंडित सुरेश शर्मा, ओमप्रकाश गौड, महावीर चावला सहित वक्ताओ ने कहाँ कि लोकतंत्र का अर्थ जनता का शासन है।

लोकतंत्र में जनता और जनादेश ही सर्वोपरि है, जनता ही सरकार का निर्माण करती है और देश की प्रगति के लिए समर्पित हाथों को नेतृत्व सौंपती है। लोकतंत्र में जनता जनार्दन है। इसे खत्म करने की कोशिश जनता की आवाज और स्वराज्य के गौरव को खत्म करना है।

इस नैतिक कर्तव्य का संरक्षण हमारा ही फर्ज है, यदि कभी इस लोकतंत्र पर आंच आए तो, धर्म, जाति, समुदाय, पार्टी सब भुलाकर हम राष्ट हित के निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की कामना को धरातल पर लाने के लिए एकजुट हैं। वही उन्होंने विधायक कुलदीप धनकड द्वारा पावटा मे ही उपजिला अस्पताल बनाने के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

अचरोल इंदिरा कॉलोनी में गंदगी से हो रही कई गायों की मौत

अचरोल। अचरोल कस्बे में बीएसएनएल टावर के पास स्थित हरिजन मोहल्ला, इंदिरा कॉलोनी, हाल ही में गंभीर पर्यावरणीय और स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहा है। कूकस की होटलों से निकलने वाला कचरा यहां डाला जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों और जानवरों के लिए गंभीर संकट पैदा हो गया है। गंदगी का यह ढेर न केवल क्षेत्र की स्वच्छता को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि इसकी वजह से कई गायों की मौत भी हो चुकी है। इस समस्या की शुरुआत तब हुई जब होटल मालिकों ने अपने कचरे को सही तरीके से ठिकाने लगाने के बजाय, इसे अचरोल तिराया पर लाकर डालना शुरू कर दिया। यह क्षेत्र अब दुर्गंध और बीमारियों का केंद्र बन चुका है।

गंदगी के कारण न केवल वायु और जल प्रदूषण बढ़ रहा है, बल्कि इससे मक्खी, मच्छर और अन्य हानिकारक कीटों की संख्या भी बढ़ रही है। यह सब स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहा है, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों पर। गायों की मौत इस समस्या का सबसे दर्दनाक पहलू है। कचरे में प्लास्टिक और अन्य जहरीले पदार्थ होने के कारण गायें इसे खाने के लिए मजबूर हो जाती हैं। नतीजा यह है कि उनका स्वास्थ्य बिगड़ जाता है और वे धीरे-धीरे मौत के मुंह में समा जाती हैं। गायों की यह त्रासदी स्थानीय निवासियों को भावनात्मक और आर्थिक दोनों रूप से प्रभावित कर रही है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में गायों को परिवार का हिस्सा माना जाता है स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कई बार शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रशासन की उदासीनता से लोग निराश हैं और खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह क्षेत्र में बड़ी स्वास्थ्य आपदा का रूप ले सकती है।

समाधान के लिए तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। प्रशासन को चाहिए कि वह होटल मालिकों को उनके कचरे को सही तरीके से ठिकाने लगाने के लिए बाध्य करे। नियमित निरीक्षण और कड़ी निगरानी आवश्यक है।कचरा प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों और सुविधाओं का उपयोग किया जाना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी होटल या व्यवसाय अपने कचरे को सार्वजनिक स्थलों पर न डाले, इसके साथ ही, प्रशासन को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ।

कोटपूतली शीघ्र ही राजधानी से रेलवे लाईन से जुड़ेगा : पटेल

कार्यक्रम को सम्बोधित करते विधायक पटेल।

कोटपूतली। कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाईयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन शनिवार को विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि क्षेत्र में रेलवे लाईन का सर्वे चल रहा है, शीघ्र ही कोटपूतली राष्ट्रीय और राज्य की राजधानी से रेलवे लाईन से जुड़ सकेगा। उन्होंने कहा कि जिले में औद्योगिक क्षेत्र में बड़ा निवेश होने जा रहा है। पटेल ने प्रधानमंत्री की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ नारे को समाज व राष्ट्र हित में बताया। पटेल ने कहा कि बेटियों की शिक्षा से दो परिवार समृद्ध होते हैं। साथ ही राष्ट्र सेवा में बेटियां आगे बढकर कार्य करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से छात्राओं में राष्ट्रीय एकता, देश प्रेम, सामाजिक कर्तव्यों, सामाजिक जागरूकता एवं अंत्योदय का भाव विकसित होता है, जो समाज के साथ मनुष्य की प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कोटपूतली के विकास के साथ-साथ अपराध की दर में कमी को एक सकारात्मक परिवर्तन बताया। पटेल ने कहा कि कोटपूतली में पिछले 10 वर्षों के मुकाबले पहली बार अपराध की आधी रह गई है।

उन्होंने बताया कि कोटपूतली में सुरक्षा के लिये दो महिला कांस्टेबल स्कूटी पर लगातार गश्त कर ध्यान रखेंगी। विशिष्ठ अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य प्रो. आर पी गुर्जर ने बताया कि महाविद्यालय राजस्थान के टॉप 25 महाविद्यालय में शामिल हुआ है जो कोटपूतली के लिए गौरव का विषय है। क्षेत्र में बेटियों की शिक्षा के लिये बेहतरीन वातावरण का निर्माण कर हम अपना श्रेष्ठतम योगदान देंगे।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रतिभा पोषवाल व प्रो. प्रिया खंगरावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इससे पूर्व प्रो. भावना चौधरी, प्रो. उदयवीर तोषावर, कमलेश यादव, प्रो. विमल कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. जगराम गुर्जर ने किया। इस दौरान पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, पूर्व चेयरमैन एड. महेंद्र सैनी, पूर्व पार्षद रघुवीर गोयल, रामावतार गुर्जर, विक्रम कसाना, कमल कसाना, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, कमलेश फौजी सहित छात्रायें व स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

आवासीय पशुपालक प्रशिक्षण आयोजित

अलवर । पशुपालक प्रशिक्षण केन्द्र शूकर फार्म अलवर में तीन दिवसीय आवासीय पशुपालक प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें राजस्थान के 12 जिलों के प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया।प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण केन्द्र के उपनिदेशक डॉ. संजय कुमार ने शूकरपालन की उपयोगिता, महत्तव व लाभ के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में उदयपुर, अजमेर, हनुमानगढ, चुरू, झुन्झुनू, नागोर, जयपुर, दौसा, भरतपुर, खैरथल-तिजारा, कोटपुतली-बहरोड व अलवर के कुल 30 पशुपालकों ने भाग लिया जिन्हें शूकरपालन से जुडी उपयोगी जानकारी दी गई। डॉ. जितेन्द्र यादव ने शूकर की नस्लों, आवास व रोगों के संबंध में जानकारी दी। डॉ. महावीर सिंह चौहान व सेवानिवृत उपनिदेशक डॉ. मदन डागर व कार्यरत्त डॉ. सरजीत सिंह एस.वी.ओ. ने शूकरपालन संबंधी विभिन्न विषयों पर महत्तवपूर्ण जानकारीयां व्याखयान के माध्यम से दी। प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागीयों को प्रदेश में संचालित राष्ट्रीय पशुधन मिशन अन्तर्गत ऋण सुविधा, सबसीडी व अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

सार-समाचार

महा पुराण कथा के पोस्टर का विमोचन

चाकसू। कस्बे के टोंक रोड स्थित चंपेश्वर महादेव मंदिर में आगामी 25 दिसंबर से आयोजित शिव महापुराण कथा के पोस्टर का विधायक रामावतार बैरवा ने शनिवार को विमोचन किया। चंपेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति महामंत्री दिनेश शर्मा ने बताया कि दिनांक 25 दिसंबर 2024 को प्रात: 10:00 बजे गोपीनाथ मंदिर से कलश शोभा यात्रा रवाना होकर चंपेश्वर मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी। कथावाचक गोल्ड मेडलिस्ट अमित आचार्य होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से 5:00 बजे तक होगी कथा का समापन 2 जनवरी 2025 को होगा कथा के पोस्टर विमोचन के अवसर पर पार्षद त्रिवेणी श्याम शर्मा पार्षद मांगीलाल बैरवा राम प्रकाश शर्मा दिनेश कुमार शर्मा रामलाल मीणा उमा शर्मा अंजू शर्मा सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे।

आठ साल से प्रबोधकों की पदोन्नित नहीं

दौसा। राज्य सरकार की ओर से प्रबोधक कैडर के साथ पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। इसके चलते पिछले आठ सालों से प्रबोधकों की पदोन्नित नहीं हो पाई है। कांग्रेस व भाजपा सरकार दोनों ने ही प्रबोधकों की पीडा नहीं समझी और उनको पदोन्नित देने के बजाय पदावनत कर दिया। राज्य के 25 हजार प्रबोधक इससे प्रभावित हुए हैं। पूर्व गहलोत सरकार ने पांच हजार प्रबोधकों को पदोन्नित की घोषणा की थी लेकिन उसको अमली जामा नहीं पहना सकी। इसके बाद वर्तमान भाजपा सरकार में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शेष 5 हजार को पदोन्नित करने की की थी घोषणा लेकिन इस पर भी अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है। प्रबोधक संघ राजस्थान के जिला प्रभारी प्रबोधक संघ धर्मेन्द्र त्रिवेदी ने बताया कि प्रबोधकों की पदोन्नित पंचायती राज प्रबोधक सेवा अधिनियम 2008 के अनुसार 2017 में होनी थी लेकिन 7 साल के बाद भी अभी तक पदोन्नित नहीं हुई है। प्रबोधक को वरिष्ठ प्रबोधक बनाकर दिया जाना था द्वितीय श्रेणी अध्यापक के समकक्ष पद और कार्य दायित्व लेकिन वरिष्ठ प्रबोधक को भी अधिशेष के समायोजन के नाम पर एल 1 पर लगा दिया है। प्रबोधक और अध्यापक कैडर में सरकारे भेदभाव करती रही। अनुदानिक शिक्षण संस्थानों के अध्यापकों एवं कार्मिकों को सरकार प्रथम नियुक्ति से पुरानी पेंशन का लाभ देने जा रही है जो की 2012 में नियमित हुए थे। जबकि प्रबोधक कैडर 2008 में नियमित हुआ लेकिन उनके 2008 से पूर्व की संविदा आधारित सेवाओं को नकार दिया गया और 2008 से तृतीय श्रेणी अध्यापक के समकक्ष फ्रेश अपॉइंटमेंट दिया गया।

ध्यान अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन

टोंक। सयुक्त राष्ट्र ने 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया है, इसी के उपलक्ष में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय टोंक द्वारा स्थानीय सेवा केंद्र राजयोग भवन में विशेष ध्यान अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय सेवा केंद्र से जुड़े भाई बहन व शहरवासी सवेरे से ही ध्यान साधना का अभ्यास कर गहन शांति की अनुभूति की। वहीं स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने बताया की ध्यान एक अन्तर जगत की यात्रा है। स्वयं की वास्तविक पहचान हम ध्यान साधना द्वारा ही कर सकते हैं। वास्तव में राजयोग (ध्यान) स्वयं को उस परमशक्ति से जोड़ने का माध्यम है अर्थात आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सहज मार्ग है जिससे न केवल हमारा मन शांत होता है बल्कि मन का सशक्तिकरण होता है जिससे हमारी आत्मिक शक्तियां बढ़ती है बुद्धि विकसित होती हैं और श्रेष्ठ संस्कारों का निर्माण होता है।वर्तमान समय हर कोई तनाव, भय जैसी मानसिक बीमारियों से जूझ रहा है ऐसे में यदि वह राजयोग का नियमित अभ्यास करें तो सहज ही इन सब मनोविकारों से छुटकारा पा सकता है और एक सुखमय जीवन का आनंद ले सकता है।

पानी सप्लाई न होने से लोग परेशान

सांभरझील। सांभर उपखंड मुख्यालय पर कई दिनों से पानी सप्लाई का सिस्टम बिगड़ा हुआ है। नियमित पेयजल सप्लाई के अभाव में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिन मोहल्लों में सुबह पेयजल सप्लाई होती है, वहां कभी शाम को तो कई दिनों के अंतराल से होने से लोगों की दिनचर्या बाधित हो रही है। लंबी गली निवासी मोतीलाल ब्राह्मण ने बताया कि शनिवार को 72 घंटे बाद सप्लाई दी गई है वह भी केवल 15 मिनट पानी दिया है, जो एक परिवार के लिए है अपर्याप्त है। इसी प्रकार राजपथ इलाके में भी बहतर घंटे बाद भी विभाग पेयजल आपूर्ति नहीं कर सका है। ग्रीष्मकालीन सत्र में बीसलपुर से पानी आपूर्ति 10 लाख लीटर थी लेकिन अब करीब 15 लाख लीटर हो गई है उसके बाद भी लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पानी सप्लाई के दौरान सुबह 6:30 बजे लाइट काट दी जाती है, अंधेरा व ठंड होने के कारण लोगों को बहुत पानी भरने में भारी दिक्कत हो रही है। विद्युत सप्लाई बंद करने से सुबह काम पर जाने वाले लोगों को बेजा परेशानी उठानी पड़ती है। सहायक अभियंता दयाराम का कहना है कि बीसलपुर से सप्लाई में कभी-कभी बाधा हो जाती है जिसके कारण हो सकता है व्यवस्था सुचारू नहीं हो सकी हो। मैं कल इसे ठीक करवाता हूं और नियमित सप्लाई के लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे।

स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

चौरु/उनियारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उनियारा का निरीक्षण तहसीलदार उनियारा प्रवीण सैनी ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी उनियारा का निरीक्षण किया. निरिक्षण के दौरान अस्पताल स्टाफ से सरकार द्वारा फ्लैगशिप योजनाओं और मरीजों को दी जा रहीं सुविधाओं के बारे मे पूछताछ की गयी। तहसीलदार उनियारा प्रवीण सैनी ने ने ओपिडी डीडीसी केंद्र मे उपलब्ध दवाओं की जानकारी ,परिसर,लेबर रूम, सामान्य वार्ड, चिकित्सा जांच केंद्र पर उपस्थित स्टाफ़ से की जाने वाली जांचे की जानकारी ली और जांच रिपोर्ट मरीजों को समयबद्ध देने हेतु निर्देश दिए. इस दोरान हॉस्पिटल मे साफ सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई और चिकित्सा प्रभारी को नियमित सफाई बनाय रखने, संस्थागत प्रसव मे बढ़ोतरी, नियमित पर्यवेक्षण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

प्रतियोगिताओं का आयोजन

दूदू। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे उपभोक्ता सप्ताह" (18 दिसम्बर से 24 दिसंबर तक) के तहत जिला रसद कार्यालय दूदू द्वारा उपभोक्ताओ को जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय दूदू में भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता और के एल एकेडमी में रस्सा कस्सी प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिला रसद अधिकारी सौरभ जैन ने बताया कि इस वर्ष के राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की थीम वर्चुअल हियरिंग एंड डिजिटल एक्सेस टू कंज्यूमर जस्टिस है जिसके तत्वाधान में राजकीय महाविद्यालय दूदू में विभिन्न प्रतियोगिताओं आयोजित की गई

बालिकाओं ने लहराया परचम

मालपुरा। स्कुल मालपुरा ने राष्ट्रीय स्तर पर क्षैत्र का किया नाम रोशन। विप्रो समुह द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता मे मॉडल स्कुल की छात्राओं की टीम ने स्काउट प्रभारी दशरथ धाकड के नेतृत्व मे अर्थियन पयार्वरण मित्र पुरस्कार नामक विषय पर वैस्ट मैनेजमेंट पर सचित्र पोस्टर तैयार कर भाग लिया। स्थानीय विद्यालय की छात्राओं का समुह प्रथम स्थान पर रहा। समुह मे शामिल छात्रा दिव्यांशी नामा,अन्तिमा व्यास,छविं नामा,वैदिक पालीवाल व छविं खटीक का प्रधानाचार्य हंसराज जाट व शाला परिवार की और से जोरदार स्वागत किया गया।

नारी सम्मान सहित कई बिन्दुओं पर चर्चा

फुलेरा । ग्राम खवारानीजी के युवा समाजसेवी एवं एडवोकेट सोहन शर्मा ने महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्षा विजया रहाटकर से उसके निवास पर जाकर मुलाकात की। इस दौरान उनसे नारी सम्मान सहित अन्य कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा महिलाओं के सशक्तीकरण, महिलाओ के साथ हो रही हिंसा के विरोध में, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए, साथ ही महिलाओं को उनके काम में समर्थन देने के साथ ही सहयोग करने जैसे कई अनेक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।